समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा से की मुलाकात, नोहर क्षेत्र के विकास मुद्दों पर हुई चर्चा

राजेश चौधरी

Published on 26 Aug 2025



जयपुर राजस्थान की राजनीति में सक्रिय रहने वाले **पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया** ने आज राजधानी जयपुर प्रवास के दौरान **राजस्थान सरकार के उप-मुख्यमंत्री आदरणीय प्रेमचंद बैरवा** से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने **नोहर विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों** पर विस्तार से चर्चा की।

### नोहर क्षेत्र की प्राथमिकताएं चर्चा मे

पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने मुलाकात के दौरान नोहर क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी परियोजनाओं और जनता की आवश्यकताओं को विस्तार से रखा। इनमें प्रमुख रूप से—

- **सड़क और परिवहन व्यवस्था** में सुधार
- **शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं** को और अधिक सुदृढ़ करना
- **कृषि एवं सिंचाई सुविधाओं** का विस्तार
- युवाओं के लिए **रोजगारपरक अवसर** बढ़ाना
  जैसे मुद्दे शामिल रहे।

### डिप्टी सीएम ने दिया आश्वासन

उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने अभिषेक मटोरिया की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार **नोहर सहित हनुमानगढ़ जिले के विकास कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाएगी।** उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य **हर क्षेत्र**

**मे संमान और संतुलित विकास** सुनिश्चित करना है।

## क्षेत्र की जनता को नई उम्मीद

इस मुलाकात की खबर सामने आने के बाद नोहर क्षेत्र की जनता में **नई उम्मीद और सकारात्मक माहौल** देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस तरह की पहल से उनके क्षेत्र की समस्याओं को सरकार के सामने मजबूती से रखा जा सकेगा और आने वाले समय में उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## अभिषेक मटोरिया की सक्रिय भूमिका

अभिषेक मटोरिया लंबे समय से **नोहर विधानसभा क्षेत्र के विकास** के लिए सक्रिय रहते हैं। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल हो, किसानों की समस्याओं को उठाना हो या स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना, मटोरिया समय-समय पर इन मुद्दों को **सरकार और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाते रहे है।**

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.